नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की 37वीं बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 27.11.2019 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की 37वीं छमाही बैठक श्री कृष्ण देव प्रसाद, महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा),एमसीएल,संबलपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इनके अलावा सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, पूर्व हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर एवं सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधिगण बैठक में उपस्थित हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हिंदी भारत के हर कोने में समझी एवं बोली जाती है। हिंदी भारत की राजभाषा तो है ही, इसके अलावा हमारे देश की सर्वोत्तम संपर्क एवं जनसाधारण की भाषा है। हिंदी के प्रचार-प्रसार में सिनेमा एवं टेलीविजन की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। उन्होने केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों में भारत सरकार की राजभाषा नीति, नियमों एवं अधिनियम का लक्ष्यानुरूप अनुपालन करने हेतु अनुरोध किया।

श्री बी.आर.साहू कलिहारी, उप प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),एमसीएल द्वारा अतिथियों/ प्रतिभागियों का स्वागत किया गया, तथा प्रत्येक तिमाही में सभी सदस्य कार्यालयों से तिमाही रिपोर्ट भेजने एवं बैठक में उपस्थित होने हेतु समस्त कार्यालय प्रमुखों के सक्रिय सहयोग की कामना की गई।

बैठक में गत दो तिमाहियों(जून,2019 एवं सितंबर,2019) की रिपोर्टों की समीक्षा की गईं एवं आगामी कार्य-योजनाओं पर सविस्तार चर्चा की गई। उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने कार्यालय में किए जा रहे राजभाषा कार्यान्वयन का विवरण प्रस्तुत किया एवं राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में पूर्ण रूप से सहयोग देने की बात कही। भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करना हमारा संवैधानिक दायित्व है अतएव सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा इसका शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्तमान में प्रचलित इलेक्ट्रोनिक माध्यमों यथा -हिंदी में ई-मेल, मोबाईल/कंप्यूटर में स्पीच टू टैक्स्ट एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी विभिन्न टूल्स के प्रयोग के माध्यम से अपने कार्यालयों में धारा 3(3) का शत-प्रतिशत अनुपालन,हिंदी पत्राचार,टिप्पणी के लक्ष्यों की प्राप्ति पर बल दिया गया।

बैठक के दौरान नराकास राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता-2018-19 के विजेता कार्यालयों को अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण प्रदान किया गया। विजेता कार्यालयों में केंद्रीय-सरकार-कार्यालय समूह में : प्रथम- आकाशवाणी, द्वितीय- केंद्रीय विद्यालय-1, तृतीय- पूर्व तट रेलवे, संबलपुर तथा प्रोत्साहन पुरस्कार- सीआरपीएफ, संबलपुर, बैंक समूह में प्रथम- भारतीय स्टेट बैंक, द्वितीय- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, तृतीय- यूको बैंक एवं प्रोत्साहन पुरस्कार-आंध्रा बैंक, संबलपुर तथा सार्वजनिक उपक्रम के कार्यालय समूह में प्रथम- महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, द्वितीय- भारतीय खाद्य निगम एवं तृतीय- हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड, संबलपुर को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से नवाजा गया।

बैठक की व्यवस्था, संचालन आदि कार्यों में श्री बी.आर. साहु कलिहारी, उप प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा), श्रीमती तूलिका बिश्वास, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) एवं समस्त कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा।

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक
दिनांक: 27 नवम्बर, 2019
एम.सी.एल. मुख्यालय, जागृति विहार,संबलपुर
श्री के.डी.पसाद

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
श्री के.डी.पसाद